GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF DEFENCE
DEPARTMENT OF MILITARY AFFAIRS
LOK SABHA
UNSTARRED QUESTION NO. 293
TO BE ANSWERED ON 21st July, 2023

SHORTAGE OF MAJOR AND CAPTAIN LEVEL OFFICERS

293. SHRI MANISH TEWARI:
PROF. SOUGATA RAY:
SHRI HAJI FAZLUR REHMAN:

Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether there exists a shortage of Major and Captain level officers in the Army, if so, the details thereof along with the number of vacancies in all three branches of the armed forces at present, category-wise and rank-wise;

(b) whether the Government proposes to reduce officers in the Headquarters (HQs) to supplement the aforesaid shortage, if so, the details thereof;

(c) the specific reason(s) for the acute shortage of officers at the mid-level ranks in the Army along with the measures undertaken/being undertaken to address the shortage of Majors and Captains in Army units;

(d) whether any alternative strategies likere-employment of officers to such posts are being considered to address the shortage, apart from reducing HQ postings, if so, the details thereof;

(e) whether the shortage of officers at the midlevel ranks impact the operational readiness and effectiveness of Army units, if so, the details thereof; and

(f) the other steps taken/being taken by theGovernment to fill such vacancies?

A N S W E R

MINISTER OF STATE (SHRI AJAY BHATT)
IN THE MINISTRY OF DEFENCE

(a): Yes, Sir. Details of the same for the three forces are as follows: -

(i) Indian Army
Major: (-) 2094
Captain: (-) 4734

(ii) Indian Navy (Lt Commander and Below): (-) 2617

(iii) Indian Air Force
Squadron Leader: (-) 881
Flight Lieutenant: (-) 940

…2/-

•-• https://www.staffnews.in •-•

(b): No, Sir. No proposal has been received in this Ministry.

(c): (i) Shortage at the Major and Captain rank can be attributed to:-

(aa) Low intake during COVID-19 pandemic.

(ab) Low intake in all Support Cadre entries mainly consisting of Short Service Commission and other service entries.

(ii) In order to mitigate the shortage proposal to make 'Short Service Entry More Attractive' is under consideration.

(d): No, Sir.

(e): The available strength is sufficient to meet current operational requirements. The operational readiness and effectiveness of Army units is being maintained with organizational resources.

(f): As per (c) (ii) above.

*****

•-• https://www.staffnews.in •-•

भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
सैन्य कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 293
21 जुलाई, 2023 को उत्तर के लिए

मेजर और कैप्टन स्तर के अधिकारियों की कमी

293. श्री मनीश तिवारी:
प्रो. सौगत राय :
श्री हाजी फजलुर रहमान :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सेना में मेजर और कैप्टन स्तर के अधिकारियों की कमी है और यदि हां, तो सशस्त्र बलों की तीनों शाखाओं में वर्तमान रिक्तियों की श्रेणी-वार और रैंक-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार का उक्त कमी को पूरा करने के लिए मुख्यालयों में अधिकारियों की संख्या कम करने का विचार है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सेना में मध्य-स्तर के रैंकों पर अधिकारियों की भारी कमी के विशिष्ट कारण क्या हैं और सेना यूनिटों में मेजरों और कैप्टनों की कमी को दूर करने के लिए क्या उपाए किए गए हैं/किए जा रहे हैं;

(घ) क्या मुख्यालयों की तैनाती को कम करने के अलावा कमी को पूरा करने के लिए ऐसे पदों पर अधिकारियों को पुनः नियोजित करने जैसी किसी वैकल्पिक रणनीति पर विचार किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या मध्य-स्तर के रैंकों पर अधिकारियों की कमी से सेना की यूनिटों की संक्रियात्मक तैयारी और प्रभावकारिता प्रभावित होती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) ऐसी रिक्तियों को भरने के लिए सरकार द्वारा अन्य कौन से कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं ?

•-• https://www.staffnews.in •-•

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क): जी, हां । तीनों सेनाओं में वर्तमान रिक्तियों का ब्यौरा इस प्रकार है:-

(1) भारतीय थलसेना

मेजर (-) 2094

कैप्टन (-) 4734

(2) भारतीय नौसेना (ले. कमांडर और उससे नीचे के पद): (-) 2617

(3) भारतीय वायुसेना

स्क्वाड्रन लीडर: (-) 881

फ्लाइट लेफ्टिनेंट: (-) 940

(ख): जी, नहीं । इस मंत्रालय में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है ।

(ग): (1) मेजर और कैप्टन रैंक में कमी के निम्नलिखित कारण हैं:-

(कक) कोविड-19 महामारी के दौरान भर्ती का कम होना ।

(कख) सहायक संवर्ग की सभी भर्तियों मुख्यतः अल्प सेवा आयोग और अन्य सेवा भर्तियों में भर्ती का कम होना ।

(2) इस कमी को कम करने के लिए 'अल्प सेवा भर्ती को और अधिक आकर्षक ' बनाने संबंधी प्रस्ताव विचाराधीन है ।

(घ): जी, नहीं ।

(ङ): वर्तमान संक्रियात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मौजूदा जनशक्ति पर्याप्त है । सैन्य इकाइयों की संक्रियात्मक तैयारी और प्रभावशीलता को संगठनात्मक संसाधनों के माध्यम से पूरा किया जा रहा है ।

(च): उपर्युक्त ग (2) के अनुसार ।

****

•-• https://www.staffnews.in •-•